प्रेषक,

सचिव,
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।

सेवा में,

समस्त मुख्य शिक्षा अधिकारी
उत्तराखण्ड।

पत्रांकः– उ0वि0शि0प0/शोध एवं पाठ्यकम/A-208/ – /2021–22 दिनांक 16 सितम्बर 2021

विषयः– सत्र् 2021–2022 हेतु कक्षा 9 से 12 तक पुनर्गठित पाठ्यक्रम के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश सं0–439/xxiv-B-5/2020/10(01)/2020, माध्यमिक शिक्षा अनुभाग–5 देहरादून, दिनाक 08 अक्टूबर 2020 के अनुपालन में कोविड–19 महामारी के कारण विगत् सत्र् 2020–2021 में कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के पाठ्यक्रम में लगभग 30 प्रतिशत कटौती के पश्चात् राज्य के स्कूली पाठ्यक्रम को पुनर्गठित किया गया था। इस क्रम में अवगत कराया जाना है कि सत्र 2020–21 हेतु लागू पुनर्गठित पाठ्यक्रम सत्र 2021–22 हेतु भी यथावत लागू रहेगा। शैक्षिक सत्र् 2021–22 के लिए गृह तथा बोर्ड परीक्षाओं हेतु इसी पाठ्यक्रम के आधार पर परीक्षायें आयोजित की जायेगी। साथ ही पूर्व निर्धारित पाठ्यक्रम में की गई कटौती से सन्दर्भित प्रसंगों/पाठों को भी छात्रों को यथासम्भव पढाया जायेगा, ताकि छात्र छात्रायें विषय का अधिकतम ज्ञान प्राप्त कर सकें।

सत्र् 2020–21 हेतु कक्षा 9 से कक्षा 12 तक पुनर्गठित किया गया पाठ्यक्रम परिषद् की वैबसाइट– www.ubse.uk.gov.in के SYLLABUS आइकन में उपलब्ध है।

अतः उपरोक्त क्रम में आपको निद्रेशित किया जाता हैं कि तत्काल अपने जनपद के समस्त हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट विद्यालयों के संस्थाध्यक्षों को अवगत कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे।

भवदीय

(डा0 नीता तिवारी)
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।

पृ0सं0:– उ0वि0शि0प0/शोध एवं पाठ्यकम/ A-208/ 159-175 /2021–22 दिनांक उक्तवत्।

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ प्रेषित–

4. महानिदेशक, विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड, देहरादून।
5. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड/सभापति, उ0वि0शि0प0, देहरादून।
6. अपर निदेशक, माध्यमिक शिक्षा कुमायूँ /गढ़वाल मण्डल, नैनीताल/पौड़ी।

16/09/2021

(डा0 नीता तिवारी)
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।